<u>कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं विज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी द्वारा आयोजित</u>

तीन दिवसीय Faculty Development Programme

विषय – "Innovation in Teaching and Learning Approaches" का प्रतिवेदन

<u>दिनांक 15, 16 व 17 फरवरी 2023</u>

महाविद्यालय में कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं विज्ञान एवं आईक्यूएसी द्वारा 3 दिवसीय Faculty Development Programme विषय – "Innovation in Teaching and Learning Approaches" पर दिनांक 15, 16 एवं 17 फरवरी 2023 को आयोजित किया गया। इन 3 दिनों में संपन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है–

<u>प्रथम दिवस दिनांक 15 फरवरी 2023 –</u> कार्यक्रम के **<u>प्रथम सत्र</u>** में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार पाहवा द्वारा वर्कशॉप के विषय एवं इसकी प्रासंगिकता की जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में आईक्यूएसी कोआर्डिनेटर डॉ. एन.सी. त्रिपाठी ने वर्कशॉप के उद्देश्यों को बताया कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी एवं आभार श्री अनुराग उपाध्याय द्वारा किया गया।

<u>द्वितीय सत्र –</u> कार्यक्रम के **<u>द्वितीय सत्र</u>** में विषय विशेषज्ञ डॉ. रजनी वेंकटाद्री, डीन एवं कोर्डिनेटर, आईबीएसएएफ ने शिक्षण कार्य के विभिन्न दृष्टिकोणों को समझाया एवं शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों से किस प्रकार प्रश्न किये जायें ? इस संबंध में विस्तार से चर्चा की। डॉ. रजनी ने टीचिंग एवं लर्निंग के लिये रोल प्ले, ब्रेनस्टॉर्मिंग, स्टोरी टेलिंग एवं आर्ट एंड म्यूजिक के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया। शिक्षण कार्य के उन्नयन हेतु गेस्ट लेक्चर, प्रोजेक्ट बेस लर्निंग, इंटर्नशीप, SWOT एनालिसीस से संबंधित जानकारी प्रदान की। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेन्टेशन तकनीक के उपयोग की प्रवधि शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत की।

द्वितीय दिवस दिनांक 16 फरवरी 2023 – **तृतीय सत्र** में विषय विशेषज्ञ डॉ. रजनी वेंकटाद्री ने एक अच्छे शिक्षक बनने हेतु विभिन्न प्रकार के गुण एवं तकनीक की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि शिक्षक को एक अच्छा Listener, Motivator इत्यादि होना चाहिये शिक्षक को लेसनप्लान बनाना चाहिये पॉजिटिव बॉडी लेग्वेज एवं टोन का उपयोग करना चाहिये विद्यार्थियों के प्रश्नों को बहुत ध्यान पूर्वक सुनकर उनका प्रतिउत्तर देना चाहिये जिससे वह आसानी से एक कमजोर विद्यार्थी को भी उन्नती के पथ पर अग्रसर करवा सकता है।

चतुर्थ सत्र – इस सत्र में विषय विशेषज्ञों द्वारा Learning Management System के महत्व व उपयोगिता विधि की जानकारी शिक्षकों को विस्तार से प्रदान की गई।

तृतीय दिवस दिनांक 17 फरवरी 2023 – पंचम सत्र में FDP में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों को कम्प्यूटर का व्यावहारिक एवं प्रायोगिक ज्ञान दिया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय की कम्प्यूटर लैब में महाविद्यालय के शिक्षकों ने एम.एस.वर्ड द्वारा डाक्यूमेंट बनाना एवं पॉवर पाइंट द्वारा एक आकर्षक प्रस्तुतीकरण का निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

षष्ठम सत्र – तृतीय दिवस के इस अंतिम सत्र में कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया इसके दौरान सभी सहभागियों ने अपने अनुभव प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. एन. सी. त्रिपाठी एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन के विभागाध्यक्ष श्री अनुराग उपाध्याय ने आईबीएस के प्रति उनके सहयोग हेतु आभार ज्ञापित किया। उक्त तीन दिवसीय एफडीपी कार्यक्रम कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं विज्ञान विभाग के श्री प्रवीण सिंह, श्री सचिन मालवे, श्री अनुराग सिंह एवं श्री जयंत रानडे के सक्रिय सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई।

श्री अनुराग उपाध्याय
प्रभारी
कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं विज्ञान विभाग